आमजन से एक करोड़ रुपये ठग चुका अफ्रीकन बदमाश दिल्ली से गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने एक करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी करने के आरोप में अफ्रीकन नागरिक बाउंडिलाई निवासी बेन अली दियारा को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस 2 बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आधा दर्जन स्वैप मशीन, दो दर्जन एटीएम, डेबिट कार्ड व दो दर्जन फर्जी बिल बुक जप्त की है।

डीसीपी साउथ मृदुल कच्छावा ने बताया कि

■ **महंगे गिफ्ट का लालच देकर लोगों को जाल में फंसाता था; पुलिस ने स्वैप मशीन और डेबिट कार्ड बरामद किये**

साइबर अपराधियों द्वारा आमजन को विदेशी सामान सस्ते दामों पर बेचने के नाम पर सोशल मीडिया एप्स के माध्यम से झांसे में लेकर ठगी की वारदातें हो रही है।

अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त भरत लाल मीणा के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त हरिशंकर के सुपरविजन में थानाधिकारी मुहाना लखन सिंह खटाना की टीम ने यह कार्रवाई की। परिवादी हरदयाल ने 20 मई 2021 को मुहाना पुलिस थाना में रिपोर्ट दी थी कि साइबर ठग ने खुद को एलीका निवासी रोमानिया किमडॉन होना बताकर उसे महंगा विदेश मोबाइल सस्ते दामों में बेचने का झांसा दिया गया। आरोपियों ने फर्जी बिल परिवादी को व्हाट्सएप करके, एयरपोर्ट से डिलीवरी लेने के लिए कस्टम ड्यूटी जमा करवाने के नाम पर 25 हजार 500 रुपए खाते में जमा करवा लिए।

बाद में डिलीवर किए जाने वाले पार्सल में विदेशी करेंसी होने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी की वारदात की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बाउंडिलाई निवासी बेन अली दियारा हाल निवासी संत नगर बुरारी दिल्ली, दिल्ली स्थित कृष्णापुरी तिलक नगर निवासी सौरभ चौहान व कमल लोहट को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रहीं है।

मुहाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर लोगों से ठगी करने वाले अफ्रीकन बदमाश को दिल्ली से गिरफ्तार किया।

राजस्थान विवि.के रजिस्ट्रार को कार्य मुक्त करने की मांग

जयपुर । राजस्थान विश्वविद्यालय के आजीवन सीनेट सदस्य डॉ.अखिल शुक्ला एडवोकेट ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कलराज मिश्र को पत्र लिखकर राजस्थान विश्वविद्यालय की वर्तमान रजिस्ट्रार को तत्काल कार्यमुक्त करने की मांग की है।

डॉ.शुक्ला ने कहा कि रजिस्ट्रार द्वारा सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को मीडिया से बात करने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है, जो कि विचार व अभिव्यक्ति की आजादी का स्पष्टत: हनन है। विश्वविद्यालय में विषय विशेषज्ञ समय-समय पर देश राज्य व जिले के विभिन्न विषयों पर अपनी राय व्यक्त कर समाज को नयी दिशा देने का कार्य करते हैं। राष्ट्र हित, जनहित, न्याय हित व छात्र हित में शिक्षकों कर्मचारियों व अधिकारियों को अपने स्वतंत्र विचार व्यक्त करने का पूर्ण वैधानिक अधिकार है। लोकतंत्र में विश्वविद्यालय के लोगों की आवाज व कलम को बंद करने के इस काले आदेश का कोई औचित्य नहीं है। देश का संविधान व कानून,सूचना का अधिकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व विचार व्यक्त करने की आजादी प्रदान करता है। डॉ.शुक्ला ने कुलाधिपति को पत्र लिखकर तत्काल इस प्रकरण में हस्तक्षेप कर विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार को कार्यमुक्त करने एवं इस काले आदेश को तत्काल वापस करवाने की मांग की है।

सिक्योरिटी गार्ड ने बिल्डिंग की चौथी मंजिल से नीचे कूदकर आत्महत्या की

जयपुर (कासं)। करणी विहार इलाके की एक बिल्डिंग की चौथी मंजिल से बुजुर्ग सिक्योरिटी गार्ड ने शनिवार शाम को नीचे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। छत का गेट बंद मिलने पर सिक्योरिटी गार्ड को ढूंढा, तभी उसका शव बिल्डिंग के पास खाली प्लाट में लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। करणी विहार थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है।

थानाधिकारी जयसिंह बेसरा ने बताया कि मृतक महादेव मदान (62) मूलत: उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह पिछले 22 सालों से रजनी विहार करणी विहार स्थित मोहित कॉटेज में गारमेंट फैक्ट्री में रहता था। फैक्ट्री की सिक्योरिटी का महादेव मदान करता

■ **करणी विहार इलाके की गारमेंट फैक्ट्री का मामला, बिल्डिंग के पास खाली प्लॉट में पड़ा मिला शव**

था। शाम करीब 7 बजे उसने बिल्डिंग की चौथी मंजिल से नीचे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब एक घंटे बाद फैक्ट्री अकाउंटेंट अपने घर जाने के लिए निकला तो महादेव मदान नहीं दिखा।

आवाज लगाते हुए फैक्ट्री में ढूंढते हुए छत पर जा पहुंचा, तो वहां चौथी मंजिल का गेट बंद मिला। काफी आवाज लगाने और गेट खटखटाने के बाद भी नहीं खोला तो शक होने पर गेट के पास स्थित छज्जे पर उतरकर छत पर पहुंचा। छत पर महादेव मदान के नहीं मिलने पर बिल्डिंग के नीचे इधर-उधर झांक कर देखा, तभी महादेव का शव बिल्डिंग के नजदीक खाली प्लाट में पड़ा दिखा।

इस पर वह शोर मचाते हुए बिल्डिंग के बाहर आया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी इक्ट्ठा हो गए। खाली प्लाट में महादेव मदान का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था। लोगों की सूचना पर करणी विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाकर शव को एम्बुलेंस की मदद से एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने मृतक के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इंकार किया है।

एनएलपी, गेस्टाल्ट, पास्ट लाइफ रिग्रेशन जैसी थैरेपीज़ के बारे में खुलकर हुई चर्चा

जयपुर (कासं)। अक्सर हमारे इर्दगिर्द नजरअंदाज किए जा रहे मेन्टल वेलनेस जैसे गहन मुद्दों पर शहर में पहली बार एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम बटरफ्लाई : अ प्रोग्रोसिव स्टेप टुवर्ड्स वैलनेस में जयपुराइट्स ने एक्सपर्ट्स और थेरेपिस्ट से बातचीत कर अपने जीवन की उलझने व्यक्त की। रविवार को सी-स्कीम स्थित केके सक्वायर में आयोजित हुई इस कार्यक्रम में मानसिक परेशानियों को नजदीक से समझने के लिए टॉक्स, थेरेपीज और विभिन्न सेशंस रखे गए। जहां जयपुर ही नहीं देश के कई जाने-माने डॉक्टर्स, थेरेपिस्ट और स्पेशलिस्ट्स सहित 120 मेन्टल थेरेपीज रखी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संतोकबा दुर्लबजी से योगेंद्र दुर्लबजी, राजस्थान हॉस्पिटल के डायरेक्टर और साइकाइट्री डिपार्टमेंट के कंसलटेंट डॉ.राघव शाह, केके ग्रुप से ओम प्रकाश मित्तल ने मेन्टल परेशानियों के बारे में लोगों को कम ज्ञान होने पर दु:ख जताया। साथ इस तरह के आयोजन और हो इसके लिए प्रोत्साहन दिखाया। एनएलपी, गेस्टाल्ट, पास्ट लाइफ रिग्रोशन, कॉन्सियसनेस, फैमिली कांस्टीलेशन, ग्राफोलॉजिस्ट, हेल्थ एंड इनर इंजीनियरिंग, प्राणिक हीलिंग, साउंड हीलिंग, एंजेल हीलिंग, हैंडराइटिंग एक्सपर्ट, टैरो रीडर, मेटाफर थेरेपी आदि मेन्टल स्पेशलिस्ट्स स्पीकर के तौर पर सेशंस कंडक्ट हुए।

कार्यक्रम की आयोजक और मास्टर एनएलपी एंड गेस्टअल्ट थेरेपिस्ट नंदिता मित्तल ने बताया कि हम अक्सर जीवन में छोटी परेशानियों से थक कर रूक जाते है, परेशान हो जाते है और आगे का रास्ता देख नहीं पाते। इन छोटी परेशानियों को हम बडा समय उलझ जाते है हो आगे चल के क्लिनिकल परेशानियों को जन्म देता है। जीवन की इन छोटी रुकावटों को टोक सेशन्स और थेरेपीज के द्वारा मदद की जा सकती है। आज बडी से बडी समस्या का कारण मेन्टल परेशानी या स्ट्रेस है, ऐसे में हमने इस कार्यक्रम के आयोजन का सोचा। इससे एकत्रित की गई पूरी राशि उमंग फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए दी जाएगी। ये कार्यक्रम क्लास 10 और क्लास 7 के स्टूडेंट्स लक्ष्य और कृषिव द्वारा संरचित किया गया।

''बटरफ्लाई: अ प्रोग्रोसिव स्टेप टुवर्ड्स वैलनेस'' कार्यक्रम में रविवार को जयपुराइट्स ने एक्सपर्ट्स और थेरेपिस्ट से बातचीत की।

नर्सेज के कैडर पुनर्गठन की मांग ने जोर पकड़ा

जयपुर । राज्य में नर्सेज संवर्ग के कैडर पुनर्गठन की मांग ने अब जोर पकड़ लिया है। पिछले दिनों राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पदाधिकारियों ने इस बात पर कड़ा रोष जताया था कि कैडर का पुनर्गठन नही होने से नई खुलने वाली सीएचसी व पीएचसी समेत सभी अस्पतालों में नर्सिंग संवर्ग के अपर्याप्त पद सृजित किए जा रहे हैं।

साथ ही पदोन्नित पद का अनुपात भी अन्य कर्मचारियों की तुलना में बहुत कम होने से अधिकतर स्टॉफ पूरे सेवाकाल में मात्र एक पदोन्नित के बाद ही सेवानिवृत हो रहे हैं। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत, प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव तथा निदेशक राजपत्रित को ज्ञापन देकर शीघ्र कैडर पुनर्गठन करने, नर्सिंग ट्यूटर व सीनियर नर्सिंग ऑफिसर को राजपत्रित करने तथा नर्सिंग ऑफिसर से शैक्षिणक योग्यता के आधार पर नर्सिंग ट्यूटर व सीनियर नर्सिंग ऑफिसर में पदोन्नित के अवसर वर्तमान की भांति सुचारू रखने की मांग की है।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में मीडिया से बातचीत करने पर रोक लगाने का जमकर विरोध शुरू

यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार नीलिमा तक्षक ने लिखित में आदेश जारी करके कर्मचारियों को मीडिया और सोशल मीडिया से दूरी बनाने की बात कही

जयपुर (कासं)। राजस्थान यूनिवर्सिटी में कर्मचारियों और टीचर्स की मीडिया से बातचीत पर रोक लगा दी गई है। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार नीलिमा तक्षक ने लिखित आदेश जारी कर कर्मचारियों को मीडिया और सोशल मीडिया से दूरी बनाने की बात कही है। इसके साथ ही ऐसा करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई का आदेश भी जारी किया है। जिसके बाद यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों के साथ ही एबीवीपी और एनएसयूआई ने भी यूनिवर्सिटी प्रशासन के इस आदेश का विरोध शुरू कर दिया है।

एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन का यह आदेश काला कानून है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वर्तमान में मीडिया और सोशल मीडिया छात्रों के हित में काम कर रहे हैं। ऐसे में यूनिवर्सिटी प्रशासन को जल्द से जल्द तानाशाह रजिस्ट्रार के आदेश पर रोक लगानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ। तो यूनिवर्सिटी में कार्यरत टीचर्स और कर्मचारियों के हक के लिए आन्दोलन करेगा। एनएसयूआई के प्रदेश प्रवक्ता रमेश भाटी ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार सभी को है। ऐसे में सोशल मीडिया और मीडिया से बातचीत पर बैन लगना पूरी तरह से असंवैधानिक है।

नये पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा

रोटरी क्लब जयपुर राउण्ड टाउन के वर्तमान अध्यक्ष अनिल शर्मा और सचिव मनोज कुमार चतुर्वेदी ने आगामी अध्यक्ष सुनील दत्त गोयल एवं सचिव अश्विनी वाधवा को प्रभार सौंपा।

जयपुर (कासं)। रोटरी क्लब जयपुर राउण्ड टाउन के वर्तमान अध्यक्ष अनिल शर्मा एवं सचिव मनोज कुमार चतुर्वेदी ने आगामी अध्यक्ष सुनील दत्त गोयल एवं सचिव अश्विनी वाधवा को प्रभार सौंपा। पूरे वर्ष में किए गए कार्यों के विवरणनुसार कोषाध्यक्ष विशाल बांका ने क्लब की वित्तीय स्थिति की जानकारी दी। उपस्थित सभी सदस्यों ने क्लब की परिस्थितियों का जायजा लिया एवं इसे सुचारू रूप से चलाने के लिए अपने सुझाव दिये। पूर्व प्रांतपाल अशोक गुप्ता (मेंटर), अजय काला (ट्रेनर) एवं रमेश चंद्र अग्रवाल (एडवाइजर) ने अपने संबोधन में रोटरी के इतिहास एवं वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोटरी कैसा चल रहा है इसके विभिन्न पहलुओं को छुआ और भविष्य की रूपरेखा रखी। कार्यक्रम में निर्देशक एवं पूर्व अध्यक्ष मनोज बंसल, आलोक अग्रवाल,शशांक जैन, चंद्रेश नागर, दीपक शर्मा, राजेश शर्मा, निर्देशक रविकांत कानूनगो, जय शर्मा, सुधा साबू, बिमल साबू, अनीता धींगडा, कमल सामोदिया, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, शरद मोदी, नवदीप माथुर, देवेश बंसल, विक्रम शर्मा, वैभव साबू, रणधीर सिंह एवं मीडिया प्रभारी मधुरिमा शर्मा व अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

कर्मचारियों ने कुलसचिव के खिलाफ जकर नारेबाजी की

जयपुर (कासं)। राजस्थान विवि. के कुलपति सचिवालय पर पिछले कई दिनों से धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कुलसचिव द्वारा कर्मचारियों पर मीडिया से बातचीत करने पर लगाई गई रोक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहम्मद मुस्तफा ने संबोधित करते हुए कहा कि मृतक कर्मचारी स्व. जगदीश मीणा के आश्रितों को मुआवजा राशि दिलवाने व परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलवाने और सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का रिफिक्सेशन कर उनसे रिकवर की गई राशि को वापस करने व रिफिक्सेशन पर रोक लगाने की मांग को लेकर कुलपति सचिवालय पर विगत 28 दिनों से धरना दिया जा रहा है। प्रत्येक दिन किसी ना किसी समाचार पत्र मे समाचार छपते रहते थे, यह विश्वविद्यालय प्रशासन को अच्छा नहीं लगा इसलिए प्रशासन ने मीडिया से बात करने से रोक लगाई। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है मीडिया से बात ना करने का आदेश निकाल कर्मचारियों पर रोक लगाना, हम लोगों के अधिकारों का हनन है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुलसचिव को अपने इस आदेश को वापस लेना चाहिए। एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सेन ने कहा की मीडिया से बात करना हमारा जनतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकार है इस पर रोक लगाकर हमारे अधिकारों को कुचला जा रहा है इसे किसी भी स्थिति मे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरने का नेतृत्व राजेश कुमार ने किया, कर्मचारी नेता सुरेश शर्मा, व जय प्रकाश शर्मा भी मौजूद थे।

तस्करी कर 37 ऊंट हरियाणा ले जा रहा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मालपुरा गेट थाना पुलिस ने राज्य पशु ऊंट की तस्करी कर हरियाणा ले जा रहे ट्रक को जब्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। वहीं ट्रक में निर्दयतापूर्वक भरे हुए 37 ऊंटों को एनजीओ के सुपुर्द किया है।

थानाधिकारी रायसल सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित जकरिया उर्फ़ जाकीर (32) गांव बस्सी खानजादा, मेवात हाल गांव गुर्जर नंगला, फिरोजपुर झिरका, हरियाणा का रहने वाला है। मुखबिर की सूचना पर बम्बाला पुलिया के पास ट्रक जब्त कर उसमें ठूंस ठूंस कर भरे गए 37 ऊंटों को मुक्त कराया गया है। आरोपित ऊंटों को टोंक से भरकर लुहारू हरियाणा ले जा रहा था।

सार-समाचार

चिकित्सा व परामर्श शिविर आयोजित

जयपुर, (कासं)। प्राकृतिक चिकित्सा एवम सुजोक थैरेपी अपनाने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए हेल्थ एजुकेशन एवं लव फॉर पीपल सोसायटी व संग अर्श सामाजिक सेवा समिति द्वारा समाज नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श कैम्प लगाया गया। डॉ.दीपाली वार्ष्णेय अग्रवाल ने बताया कि कोरोना महामारी के वव्रत प्राकृतिक चिकित्सा बहुत ही कारगर रही। बढते प्रदूषण के कारण बार बार ऐसी स्तिथि ना आये इसके लिए प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाएं, प्रकर्ति के करीब आएं। डॉ. दीपाली ने साथ ही लोगों को सुजोक थेरेपी भी दी, काफी ज्यादा संख्या में लोगों ने कैम्प में आकर लाभ प्राप्त किया। हेल्प्स के अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी व संग अर्श के अध्यक्ष दीपक सिंघल ने बताया कि उन्होंने एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसके तहत वो पूरे जयपुर मे हर वार्ड में ऐसी कैम्प लगाएंगे और लोगों को प्राकतिक चिकित्सा अपनाने के लिए जागरूक करेंगे। इस मिशन में इनकी पूरी टीम प्रशांत गुप्ता, नेहा, निशिकांत गुप्ता, रेणु श्रीवास्तव, आयुष शर्मा, आशीष सोनी, दिव्यम अग्रवाल, तनिष्क अग्रवाल, डॉ कुलदीप और पंकज सैनी सहयोग कर रहे हैं। कैम्प्स की इस कडी में ये पांचवां कैम्प है जो सी 19 आईसीआईसी के पीछे खादी कॉलोनी बजाजनगर में विक्रम खेतान और कुलदीप शर्मा के सहयोग से रखा गया। कैम्प में करीब 125 लोगो का इलाज किया गया। इनमें सर्वाइकल, घुटने के दर्द, फैटी लिवर, डायबटीज़, थायराइड, डिप्रेशन, मोटापा, गैस के पेशेंट्स का इलाज किया गया,साथ ही उनको खान पान का तरीका और हल्दी, अजवाइन, मैथी, जीरा आदि के औषधिय गुण और लेने का तरीका बताया गया।साथ ही प्रकर्ति के करीब कैसे रहें व दिनचर्या कैसी होनी चाहिए इसके बारे में जानकारी दी।

बच्ची से बाइक सवार ने की छेड़छाड़

जयपुर (कासं)। शहर के प्रताप नगर इलाके में 12 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। गार्डन के पास खेलते समय बाइक सवार ने उससे छेड़छाड़ की। इस पर बच्ची ने घर से बाहर जाना बंद किया। आखिरकार मां के पूछने पर बच्ची ने आपबीती सुनाई। इस पर परिजनों ने प्रताप नगर थाने में छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस अज्ञात बाइक सवार की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर के सेक्टर-8 निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि उसकी 12 साल की बच्ची से एक बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ की है। घटना के मुताबिक, 13 जून को उसकी बेटी घर के पास स्थित गार्डन में खेलने गई थी। दोपहर करीब 3 बजे गार्डन में खेलकर घर आने के लिए निकली। गार्डन से बाहर निकलते ही एक बाइक सवार युवक उसके पास आकर रूका। बाइक सवार ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर बाइक लेकर आरोपी वहां से भाग निकला। घर पर गुमशुम रहने और बाहर नहीं जाने पर मां को शक हुआ। मां ने दबाव बनाकर बच्ची से पूछा तो उसने बाइक सवार की करतूत के बारे में बताया। गुस्साए परिजनों ने शुक्रवार को थाने जाकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे फुटेजों को खंगालने के साथ बाइक सवार दरिंदे की तलाश कर रही है।

ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में बताया

जयपुर (कासं)। जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने की ओर से शास्त्री नगर इलाके में स्थित भट्टाबस्ती में रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के अगद तंत्र विभाग द्वारा नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में यह एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन शास्त्री नगर की भट्टा बस्ती में किया गया। शिविर में सौ से अधिक मरीजों ने परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयों का फायदा लिया। इस अवसर पर नि:शुल्क दवाईयां, मनोवैज्ञानिक परामर्श तथा ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में बताकर ड्रग्स का सेवन न करने के लिए जागरुक भी किया गया। शिविर में संस्थान के डॉ. अनिता, डॉ. अमोल, डॉ. दिनेश कुमावत, डॉ. रिंकेश, डॉ. रहीश, डॉ. नारायण एवं डॉ. किशोर दास ने भाग लिया।

कीर्तन अरदास का आयोजन किया

जयपुर । सुखमनी सेवा सोसायटी, बनीपार्क की ओर से प्रसिद्ध समाजसेवी टिम्मी कुमार के आवास पर सुखमनी साहिब पाठ, कीर्तन व अरदास का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व पर्यटन मंत्री, बीना काक एवं शहर के कई अन्य व्यक्ति शामिल हुए। इस अवसर पर काक ने कहा कि यह अपनी अन्तरात्मा की खोज करने वाला बहुत ही प्रभावी कार्यक्रम था। इस आयोजन ने मुझे अपनी मां की याद दिला दी, वे भी इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया करती थीं।

गीता कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को महापौर सौम्या गुर्जर ने पुरस्कार बांटे

जयपुर । जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर में गीता कांटेस्ट-2022 का पुरस्कार वितरण समारोह और कल्चर कैंप का टैलेंट-डे आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, ओम प्रकाश मोदी और राजस्थान संस्कृत अकादमी के निदेशक संजय झाला व हरे कृष्ण मूवमेंट के अनंत शेष दास ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया।

श्री कृष्ण बलराम मंदिर जयपुर के अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि गीता कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार 25 हजार रु. हिना जैन, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रु. कोमल शर्मा को और तृतीय पुरस्कार 5,100 रुपये मुनिराज मीणा को मिला। इसके बाद टॉप 10 रैंक में आने वाले प्रतियोगियों को 1100 रुपये के सांत्वना पुरस्कार दिये गये। जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार रैंजर साइकिल शिवम वर्मा को, द्वितीय पुरस्कार किनडल कृष्णा यादव को और तृतीय पुरस्कार स्मार्ट वाच इशान्वी जैन, सार्थक अवस्थी, शौर्य छिपा, तेजस्वी कुमावत को दिये गए। टॉप 10 रैंक में आने वाले प्रतिभागियों को बोर्ड सांत्वना पुरस्कार व आकर्षक ट्रॉफी व सर्टिफिकेट दिये। उन्होंने बताया कि टैलेंट-डे कार्यक्रम में व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण, भगवद गीता पर आधारित नैतिक शिक्षाओं, दिमाग की एकाग्रता बढ़ाना, ईंधन के बिना खाना बनाना, कीर्तन, पैंटिंग, वैदिक कुकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, थिएटर चित्रकला, श्लोक उच्चारण, वाद्ययंत्र और वैष्णव सदाचार के साथ-साथ फन एंड गेम्स हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जयपुर के भगवान श्री गोविन्द देव जी के चमत्कारों की लीलाओं पर नाटक था।

50 से युवकों ने कॉलोनी में पत्थर बरसाए, कारों में भी तोड़फोड़ की

जयपुर (कासं)। मुहाना इलाके में 18 जून की रात को अंडे के ठेले पर कुछ युवकों के बीच हुआ विवाद सांप्रदायिक रंग में रंगता, उससे पहले ही पुलिस ने 50 से ज्यादा बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इन बदमाशों ने कॉलोनी के कई घरों और वाहनों पर हमला करके तोड़फोड़ की थी।

दरअसल मुहाना इलाके में ठेले पर कुछ युवक अंडे खाने के दौरान आपस में झगड़ा करने लगे। इस दौरान एक पक्ष के युवकों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। जिसके बाद 50 से अधिक युवक बाइक और कार में सवार होकर आए, जिनके हाथ में सरिये-लाठी-डंडे थे। इन बदमाशों ने कॉलोनी के कुछ मकानों को चिन्हित कर उन पर पहले पथराव किया और मकान के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची जिस के बाद करीब 50 से अधिक युवकों को नॉन वैलेबल ऑफेंस में गिरफ्तार किया गया। अगर पुलिस घटना की जानकारी मिलने के बाद समय पर मौके पर नहीं पहुंचती तो यह झगड़ा सांप्रदायिक भी हो सकता था। बड़ी संख्या में समुदाय विशेष के लोगों लाठी,सरिया लेकर घर में हमला करना शुरू किया था, तभी पुलिस पहुंची और बदमाशों को गिरफ्तार किया। इस घटनाक्रम को लेकर आज सोशल मीडिया पर एक सीसीटीवी फुटेज काफी वायरल हो रहा है, जिसमें लोग हाथों में डंडे-पत्थर लिए एक कॉलोनी में घुसने से पहले एकत्रित होते हुए नजर आ रहे हैं।

सीकर के नजदीक खण्डेला में दुर्लभ खनिज यूरेनियम का भंडार मिला

'झारखंड और आंध्रप्रदेश के बाद राजस्थान में 12 मिलियन टन यूरेनियम अयस्क व मिनरल मिले हैं'

जयपुर, (का.सं.)। राज्य में दुर्लभ खनिज यूरेनियम उत्खनन के लिए एलओआई जारी करने के साथ ही राजस्थान यूरेनियम खनन के क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार ने सीकर के पास खण्डेला तहसील के रोहिल में यूरेनियम अयस्क के खनन के लिए यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को खनन पट्टा की लेटर ऑफ इंटेट (एलओआई) जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि देश में झारखण्ड और आंध्र प्रदेश के बाद राजस्थान में यूरेनियम के विपुल भण्डार मिले हैं। यूरेनियम दुनिया के दुर्लभ खनिजों में से एक माना जाता है। परमाणु उर्जा के लिए यूरेनियम बहुमूल्य खनिज है। यूरेनियम खनन क्षेत्र में आगे बढ़ने के साथ ही प्रदेश के विश्वपटल पर आने के साथ ही निवेश, राजस्व और रोजगार के नए अवसर खुल गए हैं।

खान व गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने यूरेनियम अयस्क के उत्खनन की एलओआई जारी करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान दुनिया के नक्शे पर प्रमुखता से उभर कर सामने आ गया है। उन्होंने यूरेनियम के उत्खनन के निर्णय को प्रदेश की माइनिंग क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताया है।

एसीएस माइंस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत माइंस विभाग की समीक्षा बैठकों के दौरान प्रदेश में विपुल खनिज भण्डारों की चर्चा करते हुए खनिज खोज और खनन गतिविधियों को विस्तारित करने पर जोर देते रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत के दिशा-निर्देश में प्रदेश में दुर्लभ खनिज यूरेनियम के खोज कार्य को गति दी गई और अब यूरेनियम उत्खनन की एलओआई जारी कर माइंस के क्षेत्र में नया माइलेज प्राप्त कर लिया गया है।

युवक का हत्यारा 22 वर्ष बाद गिरफ्तार

जयपुर । शिप्रापथ थाना पुलिस ने साथी की हत्या के मामले में फरार आरोपित को 22 साल बाद गिरफ्तार किया है। डीसीपी (साउथ) मृदुल कच्छावा ने बताया गिरफ्तार आरोपित लक्ष्मण बैरवा (55) मूलतया करौली हाल ढोकड़ी का टापरा, श्योपुर, एमपी का रहने वाला है। आरोपी यहां मजदूरी करता था। 23 अगस्त 2001 की रात दुर्गापुरा पुलिया के नीचे शराब पीने के दौरान आपसी कहासुनी में गांव झिलाई जिला टोंक

■ **मध्यप्रदेश के बीहड़ों में छिपकर फरारी काट रहा था आरोपी**

निवासी कुंवरपाल की नशे में होने पर साथी रामप्रसाद के साथ मिलकर ईंट-डंडे से हत्या कर दी थी। आरोपित रामप्रसाद को उसी समय गिरफ्तार कर लिया था, जबकि आरोपित लक्ष्मण फरार हो गया था। वह मध्यप्रदेश (एमपी) के बीहड़ों में फरारी काट रहा था। थानाधिकारी महावीर सिंह को उसके बारे में सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंची और उसे पकड़ लिया। वहीं महेश नगर थाना पुलिस ने 18 फरवरी को स्वेज फार्म चौराहे पर रवि शर्मा की जांघ पर गोली मारने वाले आरोपित गणेश सोनी (25) निवासी स्वेज फ़ार्म, दुर्गापुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल जब्त कर ली गई है।